अल्पकालीन निविदा सूचना

कु0म0वि0नि0लि0, नैनीताल में पंजीकृत सिविल (भवन)/(विद्युत) कार्य करने वाले ठेकेदारों से बन्द लिफाफे में निविदा दिनाँक 12.07.24 को अपरान्हन 1.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती हैं, जो उसी दिन 2.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के सम्मुख गठित समिति द्वारा खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र दिनाँक 28.06.24 से दिनांक 11.07.24 तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस में निर्धारित शुल्क (जी0एस0टी0 सहित) जमाकर प्राप्त की जा सकती है। निविदा सम्बन्धी समस्त जानकारी किसी भी कार्य दिवस में निगम कार्यालय, ओक पार्क हाउस, मल्लीताल, नैनीताल में देखी जा सकती है, तथा निविदा में किसी भी प्रकार का संसोधन निगम वेबसाईड के माध्यम से ही किया जायेगा।

क्र.सं.	कार्य का नाम	निविदा प्रपत्र का मूल्य (जी0एस0टी0 सहित)	धरोहर राशि	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा की वैधता	श्रेणी (भवन/विद्युत)
	निर्माण खण्ड–					
1.	पर्यटक आवास गृह, मोहान में विद्युत पैनल व अर्थिंग का "विद्युतीकरण" का कार्य।	1180.00	1250.00	02 माह	01 माह	"सी" एवं उच्चतर
2.	मा0मु0जी की घोषणा संख्या–218/.2023 के अन्तर्गत गणनाथ शिव मंदिर व मलिका मंदिर में "विद्युतीकरण" का कार्य।	590.00	9000.00	02 माह	01 माह	"सी" एवं उच्चतर
3.	पर्यटक आवास गृह, काकड़ीघाट के शौचालयों का उच्चीकरण का कार्य।	590.00	6100.00	01 माह	01 माह	"डी"श्रेणी
4.	होली–डे–होम, अल्मोड़ा में कक्षों एवं बाथरूमों का के जीर्णोद्धार का कार्य एवं रिशेप्शन का निर्माण कार्य।	1180.00	12000.00	01 माह	01 माह	"डी"श्रेणी
5.	पर्यटक आवास गृह, पिथौरागढ़ में इंटरलाकिंग टाइल, नाली का निर्माण कार्य।	1180.00	17000.00	02 माह	01 माह	"डी"श्रेणी
6.	पर्यटक आवास गृह, पिथौरागढ़ में रिटेनिंग वॉल का निर्माण कार्य।	1180.00	12500.00	02 माह	01 माह	"डी"श्रेणी
7.	ग्राम बेलसा, ब्लाक मुनस्यारी, (जनपद–पिथौरागढ़) में गंगनाथ मेला स्थल का विकास कार्य।	1180.00	12600.00	04 माह	01 माह	"डी"श्रेणी
8.	अकादमी परिसर, नैनीताल के मुख्य प्रवेश द्वार के समीप चार पहिया एवं दो पहियां वाहन हेतु पार्किंग का निर्माण कार्य (जॉब–1)।	590.00	20,000.00	03 माह	01 माह	"डी"श्रेणी
9.	अकादमी परिसर, नैनीताल के मुख्य प्रवेश द्वार के समीप चार पहिया एवं दो पहियां वाहन हेतु पार्किंग का निर्माण कार्य (जॉब–2)।	590.00	20,000.00	03 माह	01 माह	"डी"श्रेणी
10.	अकादमी परिसर, नैनीताल के मुख्य गेट न0 02 तक बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य (जॉब–1)।	590.00	20,000.00	03 माह	01 माह	"डी"श्रेणी
11.	अकादमी परिसर, नैनीताल के मुख्य गेट न0 02 तक बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य (जॉब–2)।	590.00	20,000.00	03 माह	01 माह	"डी"श्रेणी
12.	अकादमी परिसर, नैनीताल स्थित आर्डवैल हाउस की क्षतिग्रस्त दीवार का पुनर्निर्माण।	590.00	18,000.00	03 माह	01 माह	"डी"श्रेणी
13.	पर्यटक आवास गृह, सूखाताल में पानी की टंकी व प्लेटफार्म का निर्माण कार्य।	590.00	19,700.00	03 माह	01 माह	"डी"श्रेणी
14.	प0आ0गृह, तल्लीताल में डैक का निर्माण कार्य।	1770.00	26000.00	04 माह	01 माह	"सी" श्रेणी
15.	प0आ0गृह, सूखाताल में बारात घर में फर्श, चैजिंग रूम एवं शौचालय का निर्माण।	1770.00	40,000.00	06 माह	01 माह	"सी" श्रेणी
16.	कैम्प मर्तोली (पिथौरागढ़) में मरम्मतीकरण एवं पेन्टिंग का कार्य।	590.00	10,000.00	02 माह	01 माह	"डी"श्रेणी
17.	गैस गोदाम, खटीमा (उधमसिंहनगर) में मैस्टिक फ्लोरिंग, रोड निर्माण, रंगाई–पुताई , टॉयलेट मरम्मत, छत मरम्मत एवं ब्रास जाली बदलने का कार्य।	1770.00	36,500.00	04 माह	01 माह	"सी" श्रेणी
18	गैस गोदाम, रूद्रपुर (उधमसिंहनगर) में मैस्टिक फ्लोरिंग, ब्रास जालियां बदलने एवं रंगाई–पुताई का कार्य।	590.00	10,000.00	02 माह	01 माह	"डी"श्रेणी
	निर्माण खण्ड "ई"–निविदा					
19	पर्यटक आवास गृह, चिलियानौला (रानीखेत) जनपद अल्मोड़ा के कार्य।	उक्त से सम्बन्धित सूचना www.uktenders.gov.in में देखी जा सकती है।				

शर्तेः–किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय एवं निगम वेबसाईड www.kmvn.in में देखी जा सकती है। यदि उपरोक्त पर कोई संसोधन किया जाता है (ई–निविदा को छोड़ते हुए) तो उसकी सूचना केवल निगम की वेबसाईड के माध्यम से प्रदर्शित की जायेगी।

निविदादाता को निम्न शर्तो का पालन करना अनिवार्य है।

1–निविदा केवल निगम में पंजीकृत ठेकदारों को ही विक्रय की जायेगी तथा उनके द्वारा निविदा प्रपत्र क्रय करने से पूर्व पंजीयन प्रमाण–पत्र तथा सम्बन्धित कार्य की धरोहर राशि नियमानुसार एफ0डी0आर0 के रूप में महाप्रबन्धक,नि0 कु0म0वि0नि0 के नाम बन्धक होनी चाहिए प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

2–निविदादाता द्वारा जी0एस0टी0, PAN NO तथा आयकर, पंजीकृत प्रमाण पत्र की छाया प्रति निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

(P.T.O.)

क्रमशः

3–निविदा के साथ रू0 100.00 का नॉन जुडिशियल स्टाम्प पेपर पर मय हस्ताक्षरयुक्त रू0 1.00 का रेवन्यू टिकट के साथ संलग्न करना आवश्यक है।
4–अपूर्ण, सशर्त एवं संदिग्ध निविदा किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी ।
5–निविदा में मात्रायें घटाई एवं बढ़ाई जा सकती है, जिसमें ठेकेदार का कोई भी क्लेम मान्य नहीं होगा।
6–अनुबन्ध गठन हेतु बुलाये गये समय तथा अनुबन्ध गठन करने के एक सप्ताह के अन्दर यदि कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया, तो निविदा/अनुबन्ध की धरोहर/जमानत धनराशि नियमानुसार जब्त की जायेगी।
7–अधोहस्ताक्षरकर्ता को एक या एक से अधिक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।
8–अनुबन्ध गठित करने पर शासनादेशों के अनुसार स्टाम्प ड्यूटी लगाना आवश्यक है।
9–निर्माण कार्य की गुणवत्ता निम्न स्तर की पायी जाती है या त्रुटिपूर्ण माप के कारण ठेकेदार को अधिक भुगतान होने के कारण शासन को हानि भी पायी जाती है, तो ऐसी स्थिति में उस हानि की धनराशि की वसूली शासनादेश संख्या 983/23–999–11/96 लो.नि.वि. के अनुभाग–9 लखनऊ दिनांक 12 मई, 1999 के अनुच्छेद (2) निहित प्राविधानों अनुसार की जायेगी।
10–यदि शासन/निगम प्रशासन के उच्च अधिकारियों द्वारा किसी अपरिहार्य कारणवश निर्माण कार्य को रोकने के आदेश दिये जाते हैं तो ठेकेदार को उसी स्थिति में कार्य रोकना पड़ेगा तथा ठेकेदार केवल किये गये कार्य के भुगतान का दावेदार होगा। शेष कार्य हेतु ठेकेदार का कोई दावा मान्य नहीं होगा।
11–उपरोक्त निर्माण कार्य निगम में उनके सापेक्ष उपलब्ध धनराशि के अनुसार ही कराये जायेंगे।
12–निविदा की तिथि को अवकाश होने की दशा में निविदा अगले कार्यदिवस को खोली जायेगी।
13–निविदा की दरें प्रतिशत में ही मान्य होगी, जो कि अंक एवं शब्दों में स्पष्ट रूप से लिखा जाना अनिवार्य है तथा आंगणन राशि से कम में ही मान्य होंगे।
14–ई–निविदा में Tender Download की तिथि एवं निविदा UP Load एवं खोले जाने की तिथि निगम वेबसाइड www.kmvn.in एवं www.uktenders.gov.in में देखी जा सकती है।
15–ऑफ लाईन निविदा सिविल कार्य (विद्युत कार्य को छोड़ते हुए) में अंकित सम्मुख श्रेणी से एक श्रेणी उच्च भी निविदा में निविदाकार द्वारा प्रतिभाग किया जा सकता है। (जैसे निविदा के सम्मुख "डी" श्रेणी अंकित है तो "सी" श्रेणी में पंजीकृत निविदादाता द्वारा भी प्रतिभाग किया जा सकता है।)

16–मद संख्या (01) एवं (02) (विद्युतीकरण) के कार्य हेतु निम्न शर्तों का पालन करना अनिवार्य है।

- ठेकेदार को विद्युत विभाग में रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है, तथा "अ" एवं "ब" शर्तों का पालन करना अनिवार्य है।

(A)-List of items to be used in Electrification work as follows- 1- Conduit – Sethiya, Gaurav Plaza, Anchor, Amba Gold 2- Wire/Cable – Havells, Anchor, Finolex, Ploycab, KEI, Grandly 3- Switch Socket- Anchor, Great White, Havells, 4- Switch Gear – Siemens, ABB, L&T, Legrand, Havells, 5- SMDB – L&T Schnelder, ABB.

(B)-If any other make or material selected by consumer dept, have to Execute also as per rule.

17–ठेकेदार को आवटित कार्य का अनिवार्य रूप से बीमा कराना आवश्यक है।

महाप्रबन्धक (नि0)

कार्यालय कुमाऊँ मण्डल विकास निगम लिमिटेड, नैनीताल
पत्रांक 1181 /10–नि0/24–25 दिनांक 28-06-, 2024

प्रतिलिपि: निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।
1–प्रबन्ध निदेशक, महोदय को अवलोकनार्थ प्रेषित।
2–सहायक अभियन्ता नैनीताल/अल्मोड़ा/पिथौरागढ़/उधम सिंह नगर को शैड्यूल 'बी' तैयार करने हेतु प्रेषित।
3–सहायक अभियन्ता, कु0म0वि0नि0 काठगोदाम/बागेश्वर/चम्पावत को व्यापक प्रचार प्रसार हेतु ।
4–अधिशासी अभियन्ता, लो.नि.वि. प्रान्तीय खण्ड, नैनीताल/अल्मोड़ा/पिथौरागढ़/उधमसिंह नगर को सूचनार्थ एवं नोटिस बोर्ड में चस्पा हेतु।
5–मुख्यालय नोटिस बोर्ड में चस्पा हेतु।
6–अनुबन्ध पत्रावली हेतु ।
7–कैशियर निर्माण खण्ड, निविदा विक्रय के समय निर्धारित प्रपत्र प्राप्त करने के उपरान्त ही निविदा विक्रय किया जाना सुनिश्चित करें।
8–कम्प्यूटर कक्ष को वेबसाईट में अपलोड करने हेतु।

महाप्रबन्धक (नि0)